Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

قُلْ اِنَّ الْفَضْلَ بِيَدِ اللّٰهِ ۚ يُؤْتِيْهِ مَنْ يَّشَآءُ ۚ وَاللّٰهُ وَاسِعٌ عَلِيْمٌ ۝ يَّخْتَصُّ بِرَحْمَتِهٖ مَنْ يَّشَآءُ ۚ وَاللّٰهُ ذُو الْفَضْلِ الْعَظِيْمِ ۝

(सूरत आले-इम्रान आयत :74-75)

अनुवाद: तू कह दे निसन्देह फज़्ल अल्लाह के हाथ में है। वह जिस को चाहता है देता है और अल्लाह बहुत व्यापकता प्रदान करने वाला और चिरस्थायी ज्ञान रखने वाला है और अपनी रहमत के लिए जिसे को चाहे विशेष कर लेता है। और अल्लाह बहुत बड़े फज़्ल वाला है।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष 4

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 19

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

3 रमज़ान 1440 हिजरी कमरी 9 हिजरत 1397 हिजरी शमसी 9 मई 2019 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

रसूले अकरम सिल्ली अल्लाह अलैहि वसल्लम ने एक तो मौजूदा जमाअत अर्थात जमाआत सहाबा कराम रज़ि का तज़किया किया और एक आने वाली जमाअत का जिसकी शान में لَمَّا يَلْحَقُوْا بِهِمْ (अल्जुम्अ: :4) आया है।

मसीह तथा महदी कोई दो अलग व्यक्ति नहीं। उनसे मुराद एक ही है। महदी हिदायत प्राप्त से मुराद है। कोई यह नहीं कह सकता कि मसीह महदी नहीं।

आसार(सहाबा तथा इस्लामी बुज़ुर्गों के कथनों) में है कि आने वाले मसीह की एक यह फ़ज़ीलत होगी कि वह कुरआन के फ़हम और मआरिफ़ वाला होगा

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

मसीह तथा महदी

हुज़ूर अलैहिस्सलातो वस्सलाम ने फ़रमाया कि एक मेरा ज़माना बरकत वाला है एक आने वाले मसीह तथा महदी का। मसीह तथा महदी कोई दो अलग व्यक्ति नहीं। उनसे मुराद एक ही है। महदी हिदायत प्राप्त से मुराद है। कोई यह नहीं कह सकता कि मसीह महदी नहीं। महदी मसीह हो या ना हो लेकिन मसीह के महदी होने से इन्कार करना मुसलमान का काम नहीं। असल में अल्लाह तआला ने ये दो शब्द गाली गलौच के मुक़ाबिल बतौर तारीफ (प्रशंसा) के रखे हैं कि वह काफ़िर, ज़ाल (गुमराह), मुज़िल्ल (गुमराह करने वाला) नहीं बल्कि महदी है चूँकि उस के इल्म में था कि आने वाले मसीह महदी को दज्जाल तथा गुमराह कहा जाएगा ,इसलिए उसे मसीह तथा महदी कहा गया। दज्जाल का सम्बन्ध اَخْلَدَ اِلَى الْاَرْضِ (अल्आराफ 177) से था और मसीह को आसमानी रफ़ा होना था। अत: जो कुछ अल्लाह तआला ने चाहा था उस की पूर्णता दो ही ज़मानों में होनी थी। एक आप का ज़माना और एक आख़री मसीह तथा महदी का ज़माना। अर्थात एक ज़माना में तो क़ुरआन और सच्ची सिक्षा नाज़िल हुई लेकिन इस शिक्षा पर फ़यज अअ़वज (अन्धकार के जमाने) के ज़माना ने पर्दा डाल दिया,जिस पर्दा का उठाया जाना मसीह के ज़माना में मुक़द्दर था। जैसे कि फ़रमाया कि रसूल अकरम सिल्ली अल्लाह अलैहि वसल्लम ने एक तो मौजूदा जमाअत अर्थात जमाआत सहाबा कराम रज़ि का तज़किया किया और एक आने वाली जमाअत का जिसकी शान में لَمَّا يَلْحَقُوْا بِهِمْ (अल्जुम्अ: :4) आया है। अत: यह ज़ाहिर है कि खुदा ने बिशारत दी कि ज़लालत के वक़्त अल्लाह तआला इस धर्म को नष्ट ना करेगा बल्कि आने वाले ज़माना में ख़ुदा तआला कुर्आन की हकीकतों को खोल देगा। आसार(सहाबा तथा इस्लामी बुज़ुर्गों के कथनों) में है कि आने वाले मसीह की एक यह फ़ज़ीलत होगी कि वह कुरआन के फ़हम और मआरिफ़ वाला होगा और सिर्फ क़ुरआन से इस्तिंबात करके लोगों को उनकी ग़लतीयों से सुचित करेगा जो क़ुरआन की हकीकतों से अज्ञानता से लोगों में पैदा हो गई हूँ ।

मूसवी सिलिसला तथा महमम्दी सिलिसला में समानता

कुरआन करीम में आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को मूसा का मसील ठहरा कर फरमाया

اِنَّآ اَرْسَلْنَآ اِلَيْكُمْ رَسُوْلًا ۢ شَاهِدًا عَلَيْكُمْ كَمَآ اَرْسَلْنَآ اِلٰى فِرْعَوْنَ رَسُوْلًا

(सूरह अल्मुज़म्मिल 16) अर्थात एक रसूल भेजा जैसा मूसा को फिरऔन की तरफ भेजा ह। हमारा रसूल मूसा का मसील है एक अन्य स्थान पर फरमाया कि

وَعَدَ اللّٰهُ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مِنْكُمْ وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ لَيَسْتَخْلِفَنَّهُمْ فِي الْاَرْضِ كَمَا اسْتَخْلَفَ الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ

(अन्नूर 56)कि इस मसील मूसा के खुलफ़ा भी इसी सिलसिला से होंगे जैसे कि मूसा के खुलफ़ा सिलसिला से आए। इस सिलसिला का समय चौदह सौ बरस तक रहा बराबर खलीफ़ा आते रहे। यह एक अल्लाह तआला की तरफ़ से पेशगोई थी कि जिस तरह से पहले सिलसिला का आरम्भ हुआ वैसे ही इस सिलसिला का आरम्भ होगा। अर्थात जिस तरह मूसा ने आरम्भ में प्रतापी निशान दिखलाए और फ़िरऔन से छुड़ाया , इसी तरह आने वाला नबी भी मूसा अलैहिस्सलाम की तरह होगा।

فَكَيْفَ تَتَّقُوْنَ اِنْ كَفَرْتُمْ يَوْمًا يَّجْعَلُ الْوِلْدَانَ شِيْبًا ۝ السَّمَآءُ مُنْفَطِرٌ ۢ بِهٖ ۭ كَانَ وَعْدُهٗ مَفْعُوْلًا

(सूरह अल्मुज़िम्मल 18,19)अर्थात जिस तरह हम ने मूसा को भेजा था अत: रसूल अकरम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के वक़्त अरब के कुफ़्फ़ार भी फ़िरऔनीयत से भरे हुए थे। वे भी फ़िरऔन की तरह रुके नहीं जब तक उन्होंने प्रतापी निशान ना देख लिया। अत: आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के

शेष पृष्ठ 12 पर

125 वां जलसा सालाना कादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमनीन ख़लीफ़तुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ ने 125वें जलसा सालाना कादियान के लिए 27,28 और 29 दिसंबर 2019 (दिनांक जुम्अ:,हफ़्ता और इतवार) की तारीख़ों की मंज़ूरी प्रदान फ़रमाई है। जमाआत के लोग अभी से दुआओं के साथ इस मुबारक जलसा में शामिल होने की नीयत कर के तैयारी शुरू कर दें। अल्लाह तआला हम सबको इस लिल्लाहि जलसा से फ़ैज़याब होने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए। जलसा सालाना की हर लिहाज़ से कामयाबी और बाबरकत होने इसी तरह नेक फितरत लोगों की हिदायत का कारण बनने के लिए दुआएं जारी रखें। जज़ाकमुल्लाह ।

(नाज़िर इस्लाह व इर्शाद मर्कज़िया कादियान)

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ की डेनमार्क और सवीडन का सफर, सितम्बर 2018 ई (भाग-9)

मेसेडोनिया, अल्बानिया, हंगरी और क्रोशिया के वफद की हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला के साथ मुलाकातेंष

विभिन्न देशों से आई हुईं फैमलीज़ के साथ मुलाकातें तथा तकरीब आमीन का आयोजन।

जमाअत की तरफ़ से जलसा के दौरान मैंने जिन उच्च इन्सानी इक़दार का मज़हबी और मुआशरती प्रकट देखा इस पर बहुत सकारात्मक सोच रखता हूँ। मैंने जलसा के दौरान विश्वव्यापि भाईचारा के उसूलों का मुज़ाहरा देखा। मैं जमाअत अहमिदया के सारी इलाही मिशन में कामयाबी और तरक़्क़ी का इच्छुक हूँ और आप के लिए दुआ करता हूँ। (प्रोफेसर डाक्टर Metus Sulejmani मक़दूनिया)

इस जमाअत के अंदर वह चीज़ है जिससे यह सारे मुसलमानों को एक झंडे तले इकट्ठा कर सकती है।(प्रोफेसर डाक्टर Munir Ademi मक़दूनिया)

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

मेसेडोनिया के वफ़द की हुज़ूर अनवर से मुलाक़ात

इसके बाद प्रोग्राम के अनुसार मेसेडोनिया से आने वाले वफ़द ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ से मुलाक़ात का सौभाग्य पाया। मेसेडोनिया से इस साल 83 लोगों ने जलसा में शिरकत की। 50 लोग एक बस के माध्यम 2 हज़ार किलोमीटर का सफ़र 34 घंटों में तय कर के आए थे जब कि अन्य लोगों दूसरे माध्यमों का प्रयोग कर के शामिल हुए शामिल होने वालों में 21 अहमदी लोगों , 29 ग़ैर जमाअत दोस्त और 14 ईसाई थे। शामिल होने वालों में एक बड़े शहर के मेयर और चार विभिन्न टीवी चैनल के छ: पत्रकार और कुछ दूसरे दोस्त शामिल थे। टीवी चैनल के पत्रकारों ने जलसा के तीनों दिन जलसा के दृश्यों की रिकार्डिंग की ,इसी तरह विभिन्न मेहमानों के इंटरव्यू किए। अपने टैलीविज़न के लिए वे डॉक्यूमेनटरी तय्यार करेंगे।

*एक औरत पत्रकार ने निवेदन किया कि वह पहली बार आई है। जलसा बहुत ज़बरदस्त था। मुहब्बत , प्यार था। अमन की शिक्षा थी। मैंने जलसा में कोई कमी नहीं देखी। प्रोफ़ैशन के लिहाज़ से मैं एक पत्रकार हूँ। मैंने बतौर पत्रकार काम किया है। मर्दों के , औरतों के इंटरव्यू किए हैं। बहुत सन्तुष्ट हो कर वापस जा रही हूँ। इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया आप तो बड़ी अच्छी पत्रकार हैं वर्ना पत्रकार तो कम ही सन्तुष्ट होते हैं।

*एक मेहमान जो कि प्रोफेसर हैं वफ़द में शामिल थे। महोदय ने निवेदन किया कि पहली बार जर्मनी के जलसा में शामिल हुआ हूँ। इतने बड़े जलसा में एक मिलीमीटर भी इन्साफ़ और अदल से दूरी नज़र नहीं आई। यह जमाअत पूरी तरह से अल्लाह तआला की राह पर चल रही है। मेरे दल ने उसकी तसदीक़ की है और गवाही दी है कि यह जमाअत सच्ची है। वह वक़्त कब आएगा जब यह जमाअत पूरी दुनिया में फैल जाएगी। इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया जमाअत अहमिदया एक मज़हबी जमाअत है ,मज़हबी जमाअत धीरे-धीरे तरक़्क़ी करती है। हर साल लाखों की संख्या में लोग शामिल होते हैं। इस साल 6 लाख से अधिक लोग शामिल हुए। इंशा अल्लाह एक वक़्त आएगा जब जमाअत दुनिया में फैल जाएगी और जमाअत का ग़लबा होगा। ईसाईयत को तीन सौ साल का समय लगा था जब उसे दुनिया में जाना जाने लगा था। हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि तीन सौ साल का अरसा नहीं गुज़रेगा जब जमाअत के मानने वाले कसरत से होंगे और दुनिया के बहुत से हिस्सा में अहमिदयों की प्रचुरता होगी। हमें मायूसी कोई नहीं। मज़हबी जमाअतों को, नस्लों को क़ुर्बानियां देनी पड़ती हैं।

*एक बच्ची ने निवेदन किया कि मेरी शादी एक पाकिस्तानी अहमदी से हुई है। मैंने पहले मैडीकल की शिक्षा हासिल की थी। अब मेरे लिए मौक़ा है कि मैं midwife का काम कर सकती हूँ या आईशा अकैडमी में काम करूँ। इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया कि midwife का काम करें और साथ साथ दुनिया का इलम हासिल करती रहीं।

*एक मेहमान ने निवेदन किया कि मैं हुज़ूर अनवर की ख़िदमत में सलाम निवेदन करता हूँ मुझे इस जलसा में शामिल हो कर बहुत ख़ुशी हुई है। मैंने इस कान्फ्रैंस में शामिल होने से पहले अहमदी मुसलमानों के ख़िलाफ़ पढ़ा था। यहां आकर मुझे उस की तसदीक़ करने का मौक़ा मिला। सब बातें ग़लत थीं। जमाअत अहमिदया ही है जो सही इस्लामी शिक्षाओं पर अनुकरण कर रही है। मैंने यहां इस्लाम का एक पाक चेहरा देखा है। तीन सौ साल नहीं बल्कि इस से बहुत पहले जमाअत अहमिदया दुनिया में ग़लबा हासिल करेगी और इस्लाम को लीड करेगी।

*एक मेहमान ने सवाल किया जो मुसलमान और ईसाई हमारी जमाअत के साथ अच्छा सुलूक नहीं करते तो मरने के बाद उनसे क्या सुलूक होगा? इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया कि यह ख़ुदा तआला का मामला है कि वह उनसे क्या सुलूक करता है।

*जलसा में तीन मुसलमान प्रोफेसर भी शामिल हुए जो आपस में दोस्त हैं। उनमें से एक प्रोफेसर जो आई. टी के प्रोफेसर हैं जिनका नाम Djeladini Etem है ने अपने प्रतिक्रियाएं वर्णन करते हुए लिखा: मैं जलसा सालाना की इंतिज़ामीया और मक़दूनिया में स्थानीय अहमदी लोगों का धन्यवादी हूँ जिनकी दावत पर मैं जलसा में शामिल हुआ। इस जगह पर सही इस्लामी शिक्षाओं का ज़हूर हो रहा था। यद्यपि इस से पहले मैंने जमाअत अहमिदया और उनके खलिफ़ा के बारे में पढ़ और सुन रखा था और बहुत सी बातें जमाअत के ख़िलाफ़ सुनी थीं,लेकिन यहां आकर इन सब का जवाब मिल गया। मैंने जमाअत के ख़लीफ़ा को देखा। इन की बातें सुनीं और उनसे बहुत ज़्यादा इल्म हासिल किया जो बातें जमाअत के ख़लीफ़ा ने वर्णन कीं उनसे बहुत ज़्यादा प्रभावित हुआ। इसी तरह कहते हैं कि जमाअत के ख़लीफ़ा की बातें सुनकर मेरा पुख़्ता ईमान है कि सारी दुनिया के लोग इस पैग़ाम और रास्ता को धारण कर लेंगे जो अल्लाह तआला की तरफ़ से शुरू हुआ है। मेरी तरफ़ से आपको सलाम और अमन मिले। मैं आप के लिए ख़ैर और नेक तमन्ना करता हूँ।

*प्रोफेसर डाक्टर Metus Sulejmani मक़दूनिया में स्शयोलोजी के प्रोफेसर हैं। उन्होंने अपने विचारों का प्रकट करते हुए कहा कि:मैं जमाअत अहमिदया के लोगों का जलसा की दावत और उच्च महमान नवाज़ी पर शुक्रगुज़ार हूँ। जमाअत की तरफ़ से जलसा के दौरान मैंने जिन उच्च इन्सानी इक़दार का मज़हबी और मुआशरती प्रकट देखा इस पर बहुत सकारात्मक सोच रखता हूँ। मैंने जलसा के दौरान विश्वव्यापि भाईचारा के उसूलों का मुज़ाहरा देखा। मैं जमाअत अहमिदया के सारी इलाही मिशन में कामयाबी और तरक़्क़ी का इच्छुक हूँ और आप के लिए दुआ करता हूँ। बहुत सम्मान के साथ इजाज़त।

*प्रोफेसर डाक्टर Munir Ademi मक़दूनिया में प्रोफ़ैसर हैं। वे अपने प्रतिक्रियाओं को इस तरह प्रकट करते हैं कि: ख़ाकसार अपने और अपनी फ़ैमिली की तरफ़ से बेहतरीन मेहमान-नवाज़ी पर जमाअत अहमिदया का शुक्रगुज़ार है। यह जमाअत अपनी धार्मिक, रुहानी, क़ौमी और मुआशरती इक़दार को बहुत उच्च स्तर पर प्रस्तुत करती है। मैं जलसा सालाना 2018 ई के मौक़ा पर ख़ुसूसी तौर पर हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब का शुक्रिया अदा करना चाहता हूँ। उनके ठोस और तर्कपूर्ण ख़िताबों के लिए जिस में उन्होंने मुहब्बत,अमन और भाईचारा की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। उन्होंने मुलाक़ात के दौरान हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला से सवाल किया कि आपके ख़्याल में वह वक़्त कब आएगा जब यह जमाअत सारी दुनिया में मुसलमानों को lead करेगी? क्योंकि मुझे नज़र आ रहा है कि इस जमाअत के अंदर वह चीज़ है जिससे यह सारे मुसलमानों को एक झंडे तले इकट्ठा कर सकती है। इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया :जमाअत अहमिदया अल्लाह तआला के फ़ज़ल से एक मज़हबी जमाअत है और मज़हबी जमाअतें धीरे-धीरे बढ़ा करती हैं, तरक़्क़ी किया करती हैं और अल्लाह तआला के फ़ज़ल से जमाअत अहमिदया तरक़्क़ी कर रही है। हर

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्बः जुमअः

अल्लाह तआला हज़ारों हज़ार रहमतें नाज़िल फ़रमाए उन लोगों पर जो अल्लाह तआला और इस के हबीब की मुहब्बत में डूब कर उनकी रज़ा को हासिल करने वाले बने।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को हम आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ग़ुलामी में ग़ैर तशरीई नबी मानते हैं और इस से आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मुक़ाम ख़त्मे नबुव्वत पर कोई आंच नहीं आती बल्कि आपका मुक़ाम बढ़ता है कि अब नबुव्वत भी सिर्फ आप की ग़ुलामी में ही मिल सकती है।

हे अल्लाह! तो मेरी नज़र को ले जा यहां तक कि मैं अपने महबूब मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बाद किसी को ना देख पाओं।

इख़लास तथा वफ़ा की साक्षात मूर्ति बदरी अस्हाबे रसूल हज़रत ख़िराश बिन सिम्मन्न अन्सारी, हज़रत उबैद बिन तय्यहान, हज़रत बूहन्नह मालिक बिन अमरो, हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ैद बिन सअलबः, हज़रत मुआज़ बिन अमरो बिन जमूह रज़ी अल्लाह अन्हुम व रज़ू अन्हो की सीरत मुबारका का वर्णन

अहमदियत के जरनेल और अहमदियत के लिए इशक़ और ग़ैरत की नंगी तलवार ख़िलाफ़त के आशिक़ और वफ़ादार, इंतिहाई दिलेर और बहादुर, लोगों के ले लिए लाभ पहुंचाने वाले वजूद आदरणीय मुल्क सुलतान हारून ख़ान साहिब आफ़ कोट सुलतान,अटक पाकिस्तान की वफ़ात पर आप का ज़िक्रे ख़ैर और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 5 अप्रैल 2019 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन लंदन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُوْلُهُ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

आज जिन बदरी सहाबा का मैं ज़िक्र करूँगा उनमें पहला नाम है हज़रत ख़िरअश बिन सिम्म अनसारी रज़ि का। हज़रत ख़िराश रज़ि का सम्बन्ध ख़ज़रज की शाख़ बनू जुशम से था। आप की माता का नाम उम्मे हबीब था। हज़रत ख़िराश रज़ि की औलाद में सलमा और अबदुर्ररहमान और आईशा शामिल हैं। हज़रत ख़िराश रज़ि ने जंग बदर और उहद में शिरकत की। उहद के दिन आप को दस ज़ख़्म आए। आप रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के माहिर तीर अंदाज़ों में से थे।

(अत्तबकातुल कुब्रा जिल्द 3 पृष्ठ 425 ख़िराश बिन अलसुम्मा, दारुलकुतब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)

जंग बदर में हज़रत ख़िराश रज़ि ने अबुल्आस को जो नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के दामाद थे क़ैदी बनाया था, क़ैद किया था ।

(सीरत इब्ने हिश्शाम पृष्ठ 312 असराबी अलआस इब्ने अर्रबीअ ज़ौज ज़ैनब बिन्त रसूल दार इब्ने हज़म बेरूत 2009 ई)

दूसरा ज़िक्र जिन सहाबी का है उनका नाम हज़रत उबैद बिन तय्येहान रज़ि है। हज़रत उबैद बिन तय्येहान का नाम अतीक बिन तय्येहान भी बयान किया जाता है। उनकी माता का नाम लैला बिन्त अतीक था। आप हज़रत अबुल हसीम बिन तय्यहि उनके भाई थे और आप बनू अब्दुल अश्हल के हलीफ़ों में से थे। हज़रत उबैद रज़ि सत्तर अंसार के साथ बैअत अक़बा में शामिल हुए। रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने आप के और हज़रत मसऊद बिन रबीअ के बीच भाईचारा क़ायम फ़रमाया। आप अपने भाई हज़रत अबुल हसीम के साथ जंग बदर में शामिल हुए और आप ने जंग उहद में शहादत पाई। आप को इक्रिमह बिन अबु जहल ने शहीद किया। यह भी कहा जाता है कि आप जंग सिफ़्फ़ीन में हज़रत अली रज़ि की तरफ़ से लड़ते हुए शहीद हुए। उस पर थोड़ा मतभेद है लेकिन बहरहाल दोनों रिवायतों में एक समान बात है कि आप शहीद हुए। आप की औलाद में दो बेटों हज़रत उबैदुल्लाह रज़ि और हज़रत अब्बाद रज़ि का ज़िक्र मिलता है। तिबरी के कथन के अनुसार हज़रत अब्बाद रज़ि ने भी जंग बदर में शिरकत की सआदत पाई जबकि हज़रत उबैदुल्लाह के बारे में बयान किया जाता है कि व जंग यमामा में शहीद हुए।

(अत्तबकातुल कुब्रा जिल्द 3 पृष्ठ 342-343 अब्बुल हीसम बिन अत्तहयान , उबैद बिन अत्तहयान। दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)(असदुल ग़ाबः जिल्द 3 पृष्ठ 153 अबाद बिन उबैद, पृष्ठ 521 अबैदुल्लाह बिन उबैद बिन अत्तहयान, पृष्ठ 529 उबैद बिन अत्तहयान दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2003 ई)

फिर जिन सहाबी का ज़िक्र है उनका नाम है हज़रत अबू हन्नह मालिक बिन अमरो रज़ि। अबू हन्नह उनकी कुनिय्यत थी। मालिक बिन अमरो उनका नाम था। मुहम्मद बिन उम्र वाक़दी ने आप को बदर में शामिल लोगों में लिखा है। आप के नाम के बारे में मतभेद है। कुछ रवायतों के अनुसार आप का नाम आमिर और साबित बिन नुअमान भी बयान हुआ है। आप की कुनिय्यत अबू हब्बह और अब्बू हय्यह भी बयान की जाती है लेकिन मुहम्मद बिन उम्र वाक़दी कहते हैं कि अबू हब्बह कुन्नियत के दो अदमियों का ज़िक्र मिलता है। एक अबू हब्बह बिन गज़ीयय्ह बिन अमरो और दूसरे अबू हब्बह बिन अबदे अमरो अलमाज़िनी। ये दोनों जंग बदर में शरीक नहीं हुए थे। बदर के शामिल होने वालों में से किसी की कुनिय्यत अबू हब्बह ना थी बल्कि जंग बदर में जो शामिल हुए हैं उनकी कुनिय्यत अबू हन्नह थी। इस लिहाज़ से वे अपनी बात पर-ज़ोर देते हैं कि अबू हन्नह ही उनकी कुनिय्यत थी।

(अत्तबकातुल कुब्रा जिल्द 3 पृष्ठ 365 अब्बू हन्ना दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)

(असदुल ग़ाबः जिल्द 6 पृष्ठ 63 अब्बू हब्बा अलअन्सारी दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2003 ई)

फिर जिन सहाबी का ज़िक्र है उनका नाम है हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ैद बिन सअलबह रज़ि। आप को अब्दुल्लाह बिन ज़ैद अन्सारी कहा जाता है। आप की कुनिय्यत अब्बू मुहम्मद थी। पिता का नाम हज़रत ज़ैद बिन सअलबह रज़ि था और यह भी सहाबी थे। उनका सम्बन्ध क़बीला अंसार के क़बीला ख़ज़रज की शाख़ बनू जुशम से था। आप बैअत उक़बा में सत्तर अंसार के साथ शामिल हुए और जंग बदर और उहद और ख़ंदक़ और अन्य जंगों में आं हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शिरकत की। फ़तह मक्का के वक़्त बनू हारिस बिन ख़ज़रज का झंडा आप के पास था। हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ैद रज़ि इस्लाम लाने से पहले अरबी लिखना जानते थे जबकि उस ज़माने में अरब में लिखना बहुत कम थी। बहुत कम लोग होते

थे जो लिखना जानते हूँ। हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ैद रज़ि की औलाद मदीना में रही। आप के एक बेटे का नाम मुहम्मद था जो आप की बीवी सअ़दऩ बिन्त कुलैब से पैदा हुए और एक बेटी उम्मे हुमीद थीं जिनकी माता अहल यमन से थीं ।

आप के भाई हुरैस बिन ज़ैद थे जो बदरी सहाबी थे। (असदुल ग़ाब: जिल्द 3 पृष्ठ 248 अब्दुल्लाह बिन ज़ैद अल्अन्सारी दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2003 ई)(अत्तबकातुल कुब्रा जिल्द 3 पृष्ठ 405-406 अब्दुल्लाह बिन ज़ैद, हरीस बिन ज़ैद दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990ई) और आप की एक बहन का नाम क़ुरैबह बिन्त ज़ैद रज़ि था, वह भी सहाबिया थीं ।

(अत्तबकातुल कुब्रा जिल्द 8 पृष्ठ 271-272 क़ुरैबह बिन्त ज़ैद दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)

हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ैद रज़ि वह सहाबी हैं जिन को ख़्वाब में अज़ान के शब्द बताए गए और आप ने आं हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को इस के बारे में सूचित किया जिस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत बिलाल रज़ि को हुक्म दिया कि वह इन शब्दों में अज़ान दें जो हज़रत अब्दुल्लाह ने ख़्वाब में देखे थे। यह घटना हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मस्जिद नबवी की तामीर के बाद सन एक हिज्री की है।

(अल्इस्तियाब फी मअरफतिल असहाब जिल्द 3 पृष्ठ 913 अब्दुल्लाह बिन ज़ैद दार अलजैल बेरूत 1992 ई)

इस का कुछ विस्तार इस तरह है कि हज़रत अबू उमैर बिन अन्स अन्सारी रज़ि (अन्सार में से थे) अपने चचों से रिवायत करते हैं कि उन्होंने कहा कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सोचा कि नमाज़ के लिए लोगों को कैसे जमा किया जाये? आप को अर्ज़ किया गया कि नमाज़ के वक़्त एक झंडा लगा कर दिया जाए। जब लोग उसे देखेंगे तो एक दूसरे को सुचित कर देंगे मगर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को यह परामर्श पसन्द नहीं आया। रावी कहते हैं कि आप से शंख का ज़िक्र किया गया अर्थात यहूद के बुलाने के तरीक़ से जो बुलंद आवाज़ से blow किया जाता है। आप ने इस को भी पसंद नहीं फ़रमाया कि यह यहूद का तरीक़ा है। रावी कहते हैं फिर आप से नाक़ूस का ज़िक्र किया गया। आप ने फ़रमाया कि वो इसाईयों का तरीक़ा है। हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ैद वापस गए और रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की फ़िक्र की वजह से फ़िक्रमन्द थे। दुआ की तो कहते हैं उनको ख़्वाब में अज़ान दिखाई गई। हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ैद रज़ि ही बयान करते हैं कि मैंने ख़्वाब में एक आदमी को देखा जिसके हाथ में नाक़ूस था। मैंने इस से पूछा हे ख़ुदा के बन्दे ! तो इस नाक़ूस को बेचेगा। उसने कहा तू इस से किया करेगा? मैंने कहा कि हम इस के द्वारा नमाज़ के लिए बुलाएँगे। उसने कहा तो क्या मैं तुम्हें वह बात बता दूं जो इस से बेहतर है? मैंने कहा क्यों नहीं? हज़रत अब्दुल्लाह कहते हैं कि उसने कहा फिर कहो और अज़ान के शब्द दुहराए कि

اَللّٰہُ أَکْبَرُ اللّٰہُ أَکْبَرُ۔ اَللّٰہُ أَکْبَرُ اللّٰہُ أَکْبَرُ۔ أَشْھَدُ أَنْ لَّا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہُ۔ أَشْھَدُ أَنْ لَّا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہُ۔ أَشْھَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا رَّسُوْلُ اللّٰہِ۔ أَشْھَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا رَّسُوْلُ اللّٰہِ۔ حَیَّ عَلَی الصَّلَاۃِ۔ حَیَّ عَلَی الصَّلَاۃِ۔ حَیَّ عَلَی الْفَلَاحِ۔ حَیَّ عَلَی الْفَلَاحِ۔ اَللّٰہُ أَکْبَرُ اللّٰہُ أَکْبَرُ۔ لَآ إِلٰہَ إِلَّا اللّٰہُ۔

इस का अनुवाद भी बच्चों के लिए और नए मुसलमानों के लिए पढ़ देता हूँ, लाभ दायक होता है। अज़ान हम रोज़ सुनते हैं लेकिन फिर भी कइयों को मैंने देखा है अनुवाद नहीं आता। अल्लाह सबसे बड़ा है अल्लाह सबसे बड़ा है। यह चार बार कहना है। मैं गवाही देता हूँ कि अल्लाह के सिवा कोई इबादत के लायक़ नहीं। यह दो बार कहना है। फिर मैं गवाही देता हूँ कि मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अल्लाह के रसूल हैं। यह भी दो बार है। फिर नमाज़ की तरफ़ आओ, हय्या अलस्सला नमाज़ की तरफ़ आओ। हय्या अलुफ़लाह। कामयाबी की तरफ़ आओ, कामयाबी की तरफ़ आओ। अल्लाह सबसे बड़ा है। ये फिर दो बार कहना है। ला इलाहा इल्लल्लाहो अल्लाह के सिवा कोई इबादत के लायक़ नहीं।

फिर कहते हैं कि यह शब्द दोहराने के बाद वह आदमी मुझ से थोड़ा सा पीछे हटा और फिर कहा कि जब तुम नमाज़ खड़ी करो तो यह कहा करो। फिर तकबीर के श्ब्द दोहराए कि

اَللّٰہُ أَکْبَرُ اللّٰہُ أَکْبَرُ۔ أَشْھَدُ أَنْ لَّا إِلٰہَ إِلَّا اللّٰہُ أَشْھَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا رَّسُوْلُ اللّٰہِ۔ حَیَّ عَلَی الصَّلَاۃِ۔ حَیَّ عَلَی الْفَلَاحِ۔ قَدْ قَامَتِ الصَّلَاۃُ۔ قَدْ قَامَتِ الصَّلَاۃُ۔ اَللّٰہُ أَکْبَرُ اللّٰہُ أَکْبَرُ۔ لَآ إِلٰہَ إِلَّا اللّٰہُ۔

इस में दो ही शब्द अज़ान से अधिक हैं। क़द क़ामतिस्सलात है कि नमाज़ खड़ी हो गई है। नमाज़ खड़ी हो गई है और फिर वही अल्लाह सबसे बड़ा है। अल्लाह सबसे बड़ा है।

फिर कहते हैं जब सुबह हुई तो मैं आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुआ और जो मैंने देखा था बयान कर दिया। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि निसन्देह अल्लाह चाहे तो यह सच्ची ख़्वाब है। तुम बिलाल के साथ खड़े हो जाओ और जो तुमने देखा था वह बताते जाओ। वह इन शब्दों के साथ अज़ान दे दे चूँकि उस की आवाज़ तुमसे ज़्यादा बुलंद है। अत: मैं बिलाल के साथ खड़ा हो गया मैं उनको बताता जाता था और वह उस के अनुसार अज़ान देते जाते थे। रावी का यह बयान है कि जब हज़रत उम्र बिन ख़त्ताब रज़ी अल्लाह अन्हो ने ये अज़ान सुनी तो वह अपने घर में थे। वह अपनी चादर घसीटते हुए निकले और कह रहे थे कि उस की क़सम जिस ने आप को हक़ के साथ या रसूल अल्लाह भेजा है! मैंने वही देखा जो उसने देखा है। यह सुनकर आप ने फ़रमाया कि सब तारीफ़ अल्लाह तआला के लिए है।

(सुनन अबी दाऊद किताबुस्लात बाब बदउस्सलात हदीस 498)

एक दूसरी रिवायत में इस जगह यह अलफ़ाज़ मिलते हैं कि इस पर आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि अल्लाह ही के लिए सब तारीफ़ है अत: यही बात पुख़्ता है।

(जामा अत्तर्मज़ी किताबुस्सलात हदीस 189)

इस के विस्तार में सीरत ख़ातमुल अंबिया में, हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि ने मुख़्तलिफ़ तारीख़ों से ले के कुछ बातें अधिक बयान फ़रमाई हैं। वे बयान करते हैं कि

"अभी तक नमाज़ के लिए ऐलान या अज़ान इत्यादि का प्रबन्ध नहीं था तो सहाबा प्राय वक़्त का अंदाज़ा करके ख़ुद नमाज़ के लिए जमा हो जाते थे लेकिन यह सूरत कोई सन्तोष जनक नहीं थी। मस्जिद नबवी के तैयार हो जाने पर यह सवाल ज़्यादा महसूस तौर पर पैदा हुआ कि किस तरह मुस्लमानों को वक़्त पर जमा किया जाए। किसी सहाबी ने इसाइयों की तरह नाक़ूस की राय दी। किसी ने यहूद की मिसाल में बूक़ की तजवीज़ पेश की। किसी ने कुछ कहा। मगर हज़रत उमर रज़ि ने मश्वरा दिया कि किसी आदमी को मुक़र्रर कर दिया जाए कि वह नमाज़ के वक़्त यह ऐलान कर दिया करे कि नमाज़ का वक़्त हो गया है। आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस राय को पसंद फ़रमाया (अज़ान से पहले हज़रत उमर रज़ि की एक यह राय थी) हज़रत बिलाल रज़ि को हुक्म दिया कि वो इस फ़र्ज़ को अदा क्या करें। अत: उस के बाद जब नमाज़ का वक़्त आता था बिलाल बुलंद आवाज़ से "अस्सलातो जामेअ" कह कर पुकारा करते थे और लोग जमा हो जाते थे। बल्कि अगर नमाज़ के इलावा भी किसी उद्देश्य के लिए मुस्लमानों को मस्जिद में जमा करना होता तो यही आवाज़ दी जाती, यही ऐलान किया जाता। उस के कुछ समय के बाद,(फिर आगे उनका वही क़िस्सा है कि) एक सहाबी हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ैद अन्सारी रज़ि को खो अब मैं मौजूदा अज़ान के अलफ़ाज़ सिखाए गए और उन्होंने आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हो कर अपनी इस ख़्वाब का ज़िक्र किया और अर्ज़ किया कि मैंने ख़्वाब में एक आदमी को अज़ान के तौर पर यह अलफ़ाज़ पुकारते सुना है। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया यह ख़्वाब ख़ुदा की तरफ़ से है और अब्दुल्लाह को हुक्म दिया कि बिलाल को यह अलफ़ाज़ सिखा दें। लिखते हैं कि अजीब संयोग यह हुआ कि जब बिलाल रज़ि ने इन अलफ़ाज़ में पहली दफ़ा अज़ान दी तो हज़रत उमर रज़ि उसे सुनकर जल्दी जल्दी आप की ख़िदमत में हाज़िर हुए और अर्ज़ किया कि हे अल्लाह के रसूल! आज जिन अलफ़ाज़ में बिलाल रज़ि ने अज़ान दी है ठीक वही अलफ़ाज़ मैंने भी ख़्वाब में देखे हैं। और एक रिवायत में यह है कि जब आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अज़ान के अल्फ़ाज़ सुने तो फ़रमाया कि इसी के अनुसार वह्यी भी हो चुकी है।

(उद्धरित सीरत ख़ातमुल अंबिया लेखक हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब एम ए पृष्ठ 271-272)

बशीर बिन मुहम्मद अपने पिता से बयान करते हैं कि हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ैद रज़ि जिन्हें अज़ान रोया में दिखाई गई थी उन्होंने अपना वह माल सदक़ा किया जिसके इलावा आप के पास कुछ और नहीं था। सारा माल सदक़ा कर दिया। आप और आप का बेटा उस के द्वारा ज़िन्दगी बसर कर रहे थे। वही इनका गुज़ारे का माध्यम था। अत: जो भी जायदाद थी आप ने उसे रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सपुर्द कर दिया। जब उन्होंने ये माल सपुर्द कर दिया तो इस पर उनके पिता रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आए और निवेदन किया कि हे अल्लाह के रसूल! अब्दुल्लाह बिन ज़ैद रज़ि ने अपना माल सदक़ा किया है और वह उस के द्वारा ज़िन्दगी बसर कर रहे थे। इस पर रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो

अलैहि वसल्लम ने हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ैद रज़ि को बुला कर फ़रमाया कि यक़ीनन अल्लाह ने तुझ से तेरा सदक़ा क़बूल कर लिया जो तूने दिया। जो अल्लाह के लिए छोड़ दिया वह अल्लाह ने क़बूल कर लिया। हां उस को विरासत के तौर पर अपने माता पिता को लौटा दे। अब यह विरासत के तौर पर माता पिता को वापस कर दे। तो बशीर कहते हैं कि फिर हमने उस को विरासत में पाया अर्थात आगे फिर उनके बच्चों ने इस तरह इस में से हिस्सा लिया।

(मारफतुस्सहाबा ले अबी नईम असबहानी जिल्द 3 पृष्ठ 149 पृष्ठ 149 अब्दुल्लाह बिन ज़ैद.... हदीस 4172 दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2002 ई)

एक मौक़ा पर रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ैद रज़ि को अपने नाख़ुन तबर्रुक के रूप में अता फ़रमाए। इस की तफ़सील यह है कि हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ैद रज़ि के बेटे मुहम्मद ने बयान किया कि उनके पिता नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास हज्जतुल विदा के मौक़ा पर मिना के मैदान में मनहर अर्थात क़ुर्बान गाह में क़ुर्बानी के वक़्त हाज़िर थे और आप के साथ अन्सार में से एक और आदमी भी था। रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने क़ुर्बानियां तक़सीम कीं तो हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ैद रज़ि और उनके अन्सारी साथी को कुछ ना मिला। फिर रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने एक कपड़े में अपने बाल उतरवाए और उन्हें लोगों में तक़सीम कर दिया। फिर आप ने अपने नाख़ुन कटवाए और वह हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ैद रज़ि और उनके अन्सारी साथी को प्रदान कर दिए।

(अत्तबकातुल कुब्रा जिल्द 3 पृष्ठ 406 अब्दुल्लाह बिन ज़ैद दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)

हज़रत आयशा रज़ि से रिवायत है कि एक आदमी नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास हाज़िर हुआ और अर्ज़ किया कि हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम! ख़ुदा की क़सम ! यक़ीनन आप मुझे मेरी ज़ात से ज़्यादा महबूब हैं और यक़ीनन आप मुझे मेरे अहल से ज़्यादा महबूब हैं और यक़ीनन आप मुझे मेरी औलाद से ज़्यादा महबूब हैं। मैं घर में था और आप को याद कर रहा था कि मुझ से सब्र ना हुआ यहां तक कि मैं आप की ख़िदमत में हाज़िर हुआ और अब मैं आप को देख रहा हूँ । जब मुझे अपनी और आप की मौत याद आई तो मैंने जान लिया कि जब आप जन्नत में दाख़िल होंगे तो अन्य नबियों के साथ आप का रफ़ा होगा और मैं डरा कि जब मैं जन्नत में दाख़िल हूँगा तो आप को वहां ना पाऊँगा। इस पर नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस आदमी को कोई जवाब ना दिया यहां तक कि जिब्रील इस आयत के साथ नाज़िल हुए

وَ مَنۡ يُّطِعِ اللّٰهَ وَ الرَّسُوۡلَ فَاُولٰٓئِكَ مَعَ الَّذِيۡنَ اَنۡعَمَ اللّٰهُ عَلَيۡهِمۡ مِّنَ النَّبِيّٖنَ وَ الصِّدِّيۡقِيۡنَ وَ الشُّهَدَآءِ وَ الصّٰلِحِيۡنَ ۚ وَ حَسُنَ اُولٰٓئِكَ رَفِيۡقًا

(अन्निसा:70)

कि और जो भी अल्लाह की और इस के रसूल की इताअत करे तो यही वे लोग हैं जो उन लोगों के साथ होंगे जिन पर अल्लाह ने इनाम किया है अर्थात नबियों में से, सिद्दीक़ों में से, शहीदों में से और सालहीन में से।

(तफ़सीर इब्ने कसीर जिल्द 2 पृष्ठ 311 अन्निसा:69 दारुल कुतुब अल्इलमी बेरूत 1998 ई)

इस आयत को हम इस दलील के तौर पर भी पेश करते हैं कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पैरवी से ग़ैर तशरीई नबुव्वत का मुक़ाम हासिल हो सकता है और आप की पैरवी में एक आदमी सालहीत के मुक़ाम से तरक़्क़ी कर के नबुव्वत के मुक़ाम तक पहुंच सकता है। बहरहाल नबुव्वत का मुक़ाम चाहे वह ग़ैर तशरीई नबुव्वत ही हो और वह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ग़ुलामी में भी है तो एक बहुत उच्च मुक़ाम है और अल्लाह तआला जिसे चाहे देता है और आने वाले मसीह मौऊद के बारे में ख़ुद आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने नबी उल्लाह के शब्द प्रयोग किए हैं ।

(सही मुस्लिम किताबुल फित्न हदीस (2937)

इसलिए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को हम आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ग़ुलामी में ग़ैर तशरीई नबी मानते हैं और इस से आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मुक़ाम ख़त्मे नबुव्वत पर कोई हर्फ़ नहीं आता बल्कि आप का मुक़ाम बढ़ता है कि अब नबुव्वत भी सिर्फ आप की ग़ुलामी में ही मिल सकती है और यह अर्थ सिर्फ हम ही नहीं करते बल्कि पुराने बुज़ुर्गों ने भी किए हैं। अत: इमाम राग़िब ने भी इस के यही अर्थ किए हैं कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बाद ग़ैर शरई नबी आप की पैरवी में आ सकते हैं ।

(तफ़सीर अलबेहरुल मुहीत भाग 3 पृष्ठ 299 अन्निसा :69 दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2010 ई)

बहरहाल इस आयत के अन्तर्गत मैंने यह ज़िक्र कर दिया ताकि वज़ाहत भी हो जाए।

अल्लामा जरक़ानी लिखते हैं कि विभिन्न तफ़सीर की किताबों में यह घटना आं हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ग़ुलाम हज़रत सोबान रज़ि के बारे में मिलती है जबकि तफ़सीर यनबूउल हया में मुक़ातिल बिन सुलेमान के हवाले से लिखा है कि यह हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ैद अन्सारी रज़ि थे जिन्होंने रोया में अज़ान देखी थी। अल्लामा जरक़ानी लिखते हैं कि अगर यह बात दरुस्त है तो मुम्किन है कि दोनों ने नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से ऐसी बात का ज़िक्र क्या हो और इस पर यह आयत नाज़िल हुई हो और यह भी ज़िक्र मिलता है कि ऐसी बात नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के कई सहाबा ने की थी।

(शरह जरक़ानी अलल मवाहिब अल्दुनिया भाग 12 पृष्ठ 417-418 दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1996 ई)

पहले वर्णन की घटना के इलावा तफ़सीरों में हज़रत सौबान की घटना और शब्गों में भी बयान हुई है जिसकी तफ़सील यह है कि हज़रत सौबान रज़ि को रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से बहुत अधिक मुहब्बत थी और आप से दूरी में ज़्यादा सब्र नहीं कर सकते थे। एक रोज़ जब वह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुए तो उनका रंग बदला हुआ था और उनके चेहरे से दु:ख के चिन्ह ज़ाहिर हो रहे थे। इस पर रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने पूछा कि किस चीज़ के कारण तुम्हारा रंग बदला हुआ है? हज़रत सौबान रज़ि ने अर्ज़ की कि हे रसूलुल्लाह! ना तो मुझे कोई मर्ज़ है और ना ही कोई बीमारी है सिवाए इस के कि मैं आप को देख ना सका। अर्थात कुछ अर्से से देखा नहीं था। इसलिए मुझ पर बहुत अधिक वहशत छा गई जब तक कि आप से मुलाक़ात ना हो गई। इसी तरह जब मुझे आख़िरत की याद आई तो मुझ पर फिर ख़ौफ़ तारी हुआ कि मैं आप को ना देख सकूँगा क्योंकि आप का तो नबियों के साथ रफ़ा किया जाएगा और अगर मैं जन्नत में चला भी गया तो मेरा मुक़ाम वहां आप के मुक़ाम से बहुत ही कमतर होगा और अगर मैं जन्नत में ना दाख़िल हो सका तो फिर में कभी भी आप को ना देख सकूँगा।

(तफ़सीर अलबग़वी भाग 1 पृष्ठ 450 अन्निसा: 69 इदारा तालीफ़ात अशर्फ़ीया मुल्तान पाकिस्तान 1425 हिजरी)

अल्लामा जरक़ानी लिखते हैं कि हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ैद रज़ि अपने बाग़ में काम कर रहे थे। अब्दुल्लाह बिन ज़ैद रज़ि का फिर दुबारा ज़िक्र शुरू होता है। फिर यह है कि आप का बेटा आप के पास आया और आप को ख़बर दी कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम वफ़ात पा गए हैं। इस पर आप ने कहा कि

اَللّٰهُمَّ اَذْهِبْ بَصَرِیْ حَتّٰی لَا اَرٰی بَعْدَ حَبِیْبِیْ مُحَمَّدًا اَحَدًا۔

कि हे अल्लाह! तो मेरी नज़र को ले जा यहां तक कि मैं अपने महबूब मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बाद किसी को ना देख पाऊं। उस के बाद, शरह जरक़ानी में यह लिखा है कि कहते हैं कि इस के बाद आप की नज़र जाती रही और आप अन्धे हो गए।

(शरह जरक़ानी अलल मवाहिब लदुनिया जज़ई 9 पृष्ठ 84-85 दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1996 ई)

उनकी वफ़ात के बारे में लिखा है कि अब्दुल्लाह बिन ज़ैद रज़ि की वफ़ात के बारे में मतभेद पाया जाता है। कुछ ने जंग उहद के बाद वफ़ात का ज़िक्र किया है लेकिन अक्सर यह बयान हुआ है कि हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ैद रज़ि सारी जंगों में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शामिल हुए थे और आप की वफ़ात हज़रत उसमान रज़ि की ख़िलाफ़त के आख़री दौर में 32 हिज्री में मदीना में हुई थी और वह जो नज़र वाली घटना है इस से भी अगर उस को सही माना जाए तो यही लगता है कि हज़रत उसमान रज़ि के दौर में हुई थी जबकि उस वक़्त उनकी उम्र 64 साल थी। आप की नमाज़ जनाज़ा हज़रत उसमान रज़ि ने पढ़ाई।

(अलमुस्तदरक अलस्सहीहैन लिल हाकिम जिल्द 5 पृष्ठ 266, किताबुल फ़राइज़ ,हदीस 8187, दारुल फ़िक्र 2001 ई)

(अत्तबकातुल कुब्रा जिल्द 3 पृष्ठ 406 अब्दुल्लाह बिन ज़ैद दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)

फिर जिन सहाबी का ज़िक्र है उनका नाम है हज़रत मुआज़ बिन अमर बिन जमूह रज़ि। हज़रत मुआज़ बिन अमरो रज़ि का सम्बन्ध बनू ख़ज़रज की शाख़ बनू सलमा

से था। आप बैअत उक़बा सानिया और जंग बदर और उहद में शामिल हुए थे। आप के पिता हज़रत अमरो बिन जमूह रज़ि सहाबी रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम थे जो जंग उहद में शहीद हुए थे। आप की माता का नाम हिन्द बिन्त अमरो था। मूसा बिन उक़बह, अबू मअशर और मुहम्मद बिन उम्र वाक़दी के नज़दीक आप के भाई मुअव्विज़ बिन अमरो रज़ि भी जंग बदर में शामिल हुए थे और आप की बीवी का नाम सुबैयतह बिन्त अमरो था जो बनू ख़ज़रज की शाख़ बनू साइदह से थीं। उनसे आप का एक बेटा अब्दुल्लाह और एक बेटी उमामह पैदा हुईं ।

(अत्तबकातुल कुब्रा जिल्द 3 पृष्ठ 426-427 मआज़ बिन अमरो दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)

(अस्सीरतुन नबविय्या ले इब्ने कसीर पृष्ठ 197 फ़सल फ़ी रुजू अन्सार लैयलतुल अक्ब: अस्सानिया इलल मदीनह दारु कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2005 ई)

हज़रत मुआज़ रज़ि बैअत अक़बा सानिया में शामिल हुए थे लेकिन उनके पिता अमरो बिन जमूह अपने मुशरिकाना अक़ाइद पर बहुत सख़्ती से क़ायम थे। सीरत इब्ने हिशाम में हज़रत मुआज़ रज़ि के पिता के इस्लाम क़बूल करने की घटना लिखी है। कोई साल हुआ है मैंने उनकी घटना में भी थोड़ा सा बयान किया था कि जब ये लोग, बैअत उक़बा सानिया में शामिल होने वाले जो लोग थे मदीना वापस आए तो उन्होंने इस्लाम की ख़ूब इशाअत की और उनकी क़ौम में कुछ बुज़ुर्ग अभी तक अपने शिर्क वाले धर्म पर क़ायम थे उनमें से एक अमरो बिन जमूह रज़ि भी थे। आप के बेटे मुआज़ बिन अमरो बैअत अक़बा सानिया में शामिल हुए थे और इस मौक़ा पर उन्होंने रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बैअत कर ली थी। अमरो बिन जमूह बनू सलमा के सरदारों में से थे और उनके बुज़ुर्गों में से एक बुज़ुर्ग थे। उन्होंने अपने घर में लक्कड़ी का एक बुत बना कर रखा हुआ था जैसा कि इस वक़्त के बड़े लोग बना कर रखते थे। उसे "मनात" कहा जाता था। इस को माबूद बना कर उस की साफ सुथरा करते थे। जब बनू सलमा के कुछ नौजवान इस्लाम ले आए जिन में हज़रत मुअज़ बिन जबल रज़ि और अमरो बिन जमूह के बेटे हज़रत मुआज़ बिन अमरो बिन जमूह रज़ि थे। ये उन नौजवानों में से थे जो इस्लाम लाए और उक़बा सानिया में शामिल हुए तो ये लोग रात को अमरो बिन जमूह के बुत के घर में दाख़िल हो कर उस बुत को उठा कर ले आते और उसे बनू सलमा के कूड़े में फेंकने के लिए बनाए जाने वाले गढ़े में औंधा लिटा देते, फेंक देते। जब सुबह अमरो उठते तो कहते तुम्हारा बुरा हो। किस ने रात को हमारे माबूदों से दुश्मनी की। फिर उस को ढूढ़ने निकल पड़ते यहां तक कि जब उसे पा लेते तो उसे धोते और साफ़ करते। फिर कहते कि ख़ुदा की क़सम ! अगर मैं यह जान लूं कि किस ने तेरे साथ ऐसा किया तो ज़रूर में उसे अपमानित करूँगा। फिर जब रात होती और अमरो सो जाते तो दुबारा उनके बेटे वही हरकत करते। फिर अमरो बिन जमूह ने सुबह की और दुबारा वही तकलीफ़ उठा कर फिर उसे धोया। फिर साफ़ किया। जब कई रात यह घटना हुई तो अमरो बिन जमूह ने बुत को वहां से बाहर निकाला जहां उसे फेंका गया था फिर उसे धोया और साफ़ किया। फिर वह अपनी तलवार लाए और इस के गले में लटका दी और कहा कि अल्लाह की क़सम! यक़ीनन मुझे यह तो नहीं मालूम कि तेरे साथ ऐसा कौन करता है अत: अगर तुझ में कोई ताक़त है तो इस को रोक ले और यह तलवार तेरे पास पड़ी है। बुत के पास तलवार रख दी। जब शाम हुई और अमरो सो गए तो उन नौजवानों ने जिन में उनका बेटा शामिल था इस बुत से दुबारा वही सुलूक किया। इस के गले से वह तलवार ली और एक मुर्दा कुत्ते को लेकर उस बुत को रस्सी के साथ इस से बांध दिया और बनू सलमा के एक पुराने कुँएं में फेंक दिया जिसमें कूड़ा इत्यादि फेंका जाता था। सुबह जब अमरो बिन जमूह उठे तो उन्होंने इस बुत को इस जगह पर ना पाया जहां उसे रखा जाता था। अत: वह उसे ढूंढते रहे यहां तक कि उस कुँएं में औंधे मुँह मुर्दा कुत्ते के साथ बंधा हुआ पाया। जब उन्होंने यह नज़ारा देखा तो उन पर हक़ीक़त खुल गई और उनकी क़ौम के मुसलमान लोगों ने भी उन्हें इस्लाम की तालीम दी तो आप ख़ुदा की रहमत से इस्लाम ले आए।

(अस्सीरतुन नबविय्या ले इब्ने हश्शाम पृष्ठ 207-208 किस्सत अमरो बिन अलजमूह, दार इब्ने हज़म बेरूत 2009 ई)

इब्ने हश्शाम की सीरत में यह घटना इस तरह लिखी है कि बुत तो तलवार के साथ भी कुछ नहीं कर सका तो ऐसे ख़ुदा को पूजने का क्या फ़ायदा!

हज़रत मुआज़ बिन अमरो बिन जमूओह रज़ि अब्बू जहल को क़त्ल करने वालों में भी शामिल थे। अत: बुख़ारी की रिवायत में दर्ज है कि सालिह बिन इब्राहीम अपने दादा हज़रत अब्दुर्र रहमान बिन ओफ़ रज़ि से रिवायत करते हैं कि उन्होंने बताया कि मैं बदर की लड़ाई में सफ़ में खड़ा था कि मैंने अपने दाएं बाएं नज़र डाली तो क्या देखता हूँ कि दो अन्सारी लड़के हैं। उनकी उमरें छोटी हैं। मैंने आरज़ू की कि काश में ऐसे लोगों के बीच होता जो उन से ज़्यादा जवान,तंदरुस्त होते। इतने में उनमें से एक ने मुझे हाथ से दबा कर पूछा कि चाचा क्या आप अबुजहल को पहचानते हैं? मैंने कहा हाँ भतीजे। तुम्हें इस से क्या काम है? उसने कहा मुझे बतलाया गया है कि वह रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को गालियां देता है और उस ज़ात की क़सम है जिसके हाथ में मेरी जान है अगर मैं उस को देख पाओं तो मेरी आँख उस की आँख से जुदा ना होगी जब तक हम दोनों में से वह ना मर जाए जिसकी मुद्दत पहले मुक़द्दर है। मैं इस पर बड़ा हैरान हुआ। फिर दूसरे ने मुझे हाथ से दबाया और उसने भी मुझे इसी तरह पूछा। अभी थोड़ा अरसा गुज़रा होगा कि मैंने अबुजहल को लोगों में चक्कर लगाते देखा। मैंने कहा देखो वह है तुम्हारा साथी जिसके बारे में तुमने मुझ से पूछा था। यह सुनते ही वे दोनों जल्दी से अपनी तलवारें लिए उस की तरफ़ लपके और इस पर हमला कर के दोनों ने उसे क़तल कर डाला। फिर वे दोनों लौट कर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आए और आप को ख़बर दी। आप ने पूछा तुम में से किस ने उस को मारा है। दोनों ने कहा मैंने उस को मारा है। आप ने पूछा क्या तुमने अपनी तलवारें पोंछ कर साफ़ कर ली हैं? उन्होंने कहा नहीं। आप ने तलवारों को देखकर फ़रमाया कि तुम दोनों ने ही इस को मारा है। इस का सामान ग़नीमत मुअअज़ बिन अमरो बिन जमूह रज़ि को मिलेगा और इन दोनों का नाम मआज़ था। मुआज़ बिन अफ़रा रज़ि और मुआज़ बिन अमरो बिन जमोह रज़ि।

(सही अल्बुख़ारी किताब फ़र्ज़ अल्ख़मीस बाब मन लम यख़मस अलअसलाब हदीस 3141)

पहले भी शुरू में एक बार मआज़ और मुअव्वज़ की घटनाओं को बयान कर चुका हूँ और यहां फिर शंका पैदा हो सकती है। इसलिए उस के क़त्ल की जो घटना विभिन्न कुतुब हदीस में और सीरत में भी बयान हुई है और यह जो बुख़ारी से भी रिवायत बयान हुई है इस में ये ज़िक्र है कि हज़रत मुआज़ बिन अमरो बिन जमूओ रज़ि और हज़रत मुआज़ बिन अफ़रा ने अबुजहल पर हमला कर के उसे क़तल किया था और हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद रज़ि ने अबुजहल का सिर क़लम किया था। दूसरी जगह मआज़ और मुअव्वज़ का ज़िक्र मिलता है। बहरहाल उस के इलावा बुख़ारी में ही ऐसी रिवायतें भी हैं जिन में ये ज़िक्र है कि अबुजहल को अफ़राइ के दो बेटों मआज़ और मुअव्वज़ ने क़त्ल किया था और बाद में हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद रज़ि ने जा कर उस का काम तमाम किया। अत: बुख़ारी की एक रिवायत में इस का विस्तार यूं वर्णन हुआ है:

हज़रत अनस रज़ि बयान करते हैं कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने

दुआ का अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद शरीफ़
जमाअत अहमदिया मरकरा (कर्नाटक)



इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

जंग बदर के दिन फ़रमाया कौन देखेगा कि अबुजहल का क्या हाल हुआ है? हज़रत इब्ने मसूद रज़ि गए और जा कर देखा कि इस को अफरा के दोनों बेटों मआज़ और मुअव्वज़ ने तलवारों से मारा है कि वह मरने के क़रीब हो गया है। हज़रत इब्ने मसूद रज़ि ने पूछा क्या तुम अबु जहल हो? हज़रत इब्ने मसूद रज़ि कहते हैं उन्होंने अबु जहल की दाढ़ी पकड़ी। अबु जहल कहने लगा क्या इस से भी बढ़कर कोई आदमी है जिसको तुमने मारा या यह कहा कि इस आदमी से बढ़कर कोई है जिसको उस की क़ौम ने मारा हो?

(सही अलबख़ारी किताबुल अलमग़ाज़ी बाब क़तल अबी जहल हदीस 3962)

ये दोनों रिवायतें बुख़ारी में ही मिलती हैं। दो नाम मआज़ के आते हैं और एक जगह मआज़ और मुअव्वज़ के नाम आते हैं । एक जगह दोनों के पिता के नाम विभिन्न है। एक जगह एक ही बाप के दोनों बेटे कहलाते हैं।

हज़रत सय्यद ज़ैनुल आबेदीन वलीउल्लाह शाह साहिब रज़ि अबुजहल के कातिलों की कि किस तरह उस की ततबीक़ की जाए किस तरह उस की वज़ाहत हो ? उस को बयान करते हुए लिखते हैं कि कुछ ोरवायतों में है कि अफ़रा के दो बेटों (मुअव्वज़ रज़ि और मआज़ रज़ि) ने अबुजहल को मौत के क़रीब पहुंचा दिया था। इस के बाद हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद रज़ि ने इस का सिर तन से जुदा किया था। इमाम इब्न हिज्र ने इस एहतिमाल का इज़हार किया है कि मआज़ बिन अमरो बिन अफ़रा रज़ि और मुआज़ बिन अफ़रा रज़ि के बाद मुअव्वज़ बिन अफ़रा रज़ि ने भी इस पर वार क्या होगा।

(सही बुख़ारी जिल्द 5 पृष्ठ 491 हाशिया, उर्दू अनुवाद प्रकाशक नज़ारत इशाअत रब्वह)

इसलिए पहली दो रिवायतों में इन दोनों भाईयों का भी ज़िक्र मिलता है। दूसरी रिवायत में दो विभिन्न लोगों का ज़िक्र मिलता है और जो शरह फ़तहुल बारी है इस में लिखा है कि हो सकता है कि ये तीनों ही हूँ। अल्लामा बदरुद्दीन ऐनी अबुजहल के कातिलों की ततबीक़ करते हुए लिखते हैं कि अबुजहल को मुआज़ बिन अमरो बिन जमूह रज़ि और मुआज़ बिन अफ़राइ रज़ि और हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद रज़ि ने क़तल किया था। हज़रत अब्दुल्लाह ने इस का सिर क़लम किया और नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में लेकर हाज़िर हुए।

(अमदतुल क़ारी जिल्द 17 पृष्ठ 120 हदीस 3962 दार अहया अत्तुरास अल्अरबी बेरूत 2003 ई)

अल्लामा बदर उद्दीन ऐनी लिखते हैं कि सही मुस्लिम में है कि जिन दोनों ने अबुजहल को क़तल किया था वे मुआज़ बिन अमरो बिन जमूओह रज़ि और मुआज़ बिन अफ़रा रज़ि हैं । मुआज़ बिन अफ़रा रज़ि के पिता का नाम हारिस बिन रफ़ाह था और अफ़रा उनकी माँ थीं जो उबैद बिन सअ़लबह नज्जारया की बेटी थीं। इसी तरह बुख़ारी किताबुल जिहाद में बाब मन् लम् यख़मिसिल असुलाब में ज़िक्र आ चुका है कि हज़रत मुआज़ बिन अमरो जिन्होंने अबुजहल की टांग काटी और गिरा दिया था। फिर मुउविज़ बिन अफ़रा ने इस को मारा यहां तक कि उसने उस को ज़मीन पर गिरा दिया। फिर उस को छोड़ दिया जबकि इस में अभी कुछ ज़िन्दगी बाक़ी थी, जान थी। फिर हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसऊद रज़ि ने इस पर भरपूर हमला किया और इस का सिर काट दिया। फिर यह लिखते हैं कि अगर तू कहे कि इन सारी बातों को यूं इकट्ठा बयान करने की क्या ज़रूरत है तो मैं यह कहता हूँ कि शायद अबुजहल का क़तल इन सब का काम था इसलिए इकट्ठा किया है।

(अमदतुल क़ारी जिल्द 17 पृष्ठ 121-122 हदीस 3962 दार अहया अत्तुरास अल्अरबी बेरूत 2003 ई)

जरक़ानी की एक रिवायत के अनुसार हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद रज़ि ने जब अबुजहल को देखा तो इस को इस हाल में पाया कि आख़री सांस ले रहा था। इस पर हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसऊद रज़ि ने अपनी टांग अबुजहल की गर्दन पर रखकर कहा कि ए अल्लाह के दुश्मन! अल्लाह ने तुझे अपमानित कर दिया है। इस पर अबुजहल ने अंहकार पूर्ण अंदाज़ में कहा मैं तो कोई अपमानित नहीं हुआ। और क्या तुम ने मुझ से भी सम्माननीय किसी और शख़्स को क़तल किया है? अर्थात मुझे तो इस में कोई अपमान महसूस नहीं हो रहा। फिर अबुजहल ने पूछा कि मुझे बताओ कि मैदान किस के हाथ में रहा। फ़तह और कामयाबी किस के हाथ में रही ? तो हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद रज़ि ने जवाब दिया कि अल्लाह और इस के रसूल की फ़तह हुई।

एक दूसरी रिवायत में यह भी है कि अबुजहल ने कहा कि इस अर्थात हज़रत मुहम्मद रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से यह बात भी कहना कि मैं सारी ज़िन्दगी उस का दुश्मन रहा और आज इस वक़्त भी मैं इस की दुश्मनी और शत्रुता में चरम तक हूँ। हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसऊद रज़ि ने अबुजहल का सिर क़लम किया और इस का सिर लेकर जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुए तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि जिस तरह मैं अल्लाह के नज़दीक समस्त नबियों से ज़्यादा सम्मान्नीय और मुकर्रम हूँ और मेरी उम्मत अल्लाह के नज़दीक बाक़ी सारी उम्मतों से ज़्यादा सम्मान्नीय और मुकर्रम है इसी तरह इस उम्मत का फ़िरऔन बाक़ी तमाम उम्मतों के फिरऔनों से ज़्यादा सख़्त और मुतशद्दिद है और इस की वजह यह है कि

حَتّٰٓى اِذَآ اَدْرَكَهُ الْغَرَقُ قَالَ اٰمَنْتُ اَنَّهٗ لَآ اِلٰهَ اِلَّا الَّذِيْٓ اٰمَنَتْ بِهٖ بَنُوْٓا اِسْرَآءِيْلَ وَاَنَا مِنَ الْمُسْلِمِيْنَ

